आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 13.09.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश के युवाओं को विदेशी भाषा प्रशिक्षण से मिल रहा वैश्विक रोजगार का अवसर।
- ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार'' थीम पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा विशेष अभियान। रुद्रप्रयाग जिले में 240 से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे।
- चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आपदा राहत और विकास कार्यों की समीक्षा की। कार्यों को समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।
- केदारनाथ धाम की यात्रा शुरु होने से लेकर अब तक 15 लाख सात हजार से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं।

**विदेशी भाषा**

उत्तराखंड के युवाओं के लिए नई राहें खुल रही हैं। मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के तहत अब प्रदेश के युवा, विदेशी भाषा सीखकर नौकरी कर रहे हैं। देहरादून और सहसपुर में जापानी और जर्मन भाषा की कक्षाएँ चल रही हैं। इसी योजना के अंतर्गत प्रदेश के अब तक 38 युवाओं को जापान में नौकरी मिल चुकी है, जहाँ वे एक लाख रुपये से अधिक मासिक वेतन कमा रहे हैं। नोडल अधिकारी विनीता बडोनी ने बताया कि आने वाले समय में नर्सिंग, हॉस्पिटैलिटी, पॉलिटेक्निक और आईटीआई के छात्रों को भी जापान और जर्मनी ही नहीं, बल्कि अन्य देशों में रोजगार दिलाने के लिए एमओयू की तैयारी की जा रही है। साथ ही यह प्रशिक्षण प्रदेश के अन्य ज़िलों में भी शुरू करने की योजना है।

छात्र मयंक ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि भाषा प्रशिक्षण के बाद विदेश में उन्हें अच्छा रोजगार मिलेगा।

**स्वास्थ्य पखवाड़ा रुद्रप्रयाग**

प्रदेश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक ''सेवा पखवाड़ा'' के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इस कड़ी में रुद्रप्रयाग जिले के तीनों ब्लॉकों में 240 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आयोजित होने वाले शिविरों में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच और देखभाल पर विशेष जोर रहेगा। इसके साथ ही कैंसर रोग की प्रारंभिक अवस्था में पहचान के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। शिविर में ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की निःशुल्क जांच की जाएगी, ताकि समय रहते रोग का पता चल सके और समुचित इलाज संभव हो सके। इस महाअभियान की तैयारियों का जायजा लेने के लिए स्वास्थ्य निदेशक डॉ. शिखा जंगपांगी ने जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रामप्रकाश के साथ विस्तार से चर्चा की। डॉ. जंगपांगी को इस विशेष अभियान का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है और उनकी निगरानी में संपूर्ण जनपद में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**बिजली चोरी**

हरिद्वार में देहरादून से आई विद्युत विभाग की विजिलेंस की टीम ने सहायक अभियंता, सतर्कता, धनंजय कुमार के नेतृत्व में स्थानीय अधिकारियों के साथ उपखंड जगजीतपुर क्षेत्र में आने वाले जमालपुर कला और सराय में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दोनों ही गांव में करीब 26 लोगों के यहां बिजली चोरी पकड़ी गई। दोनों ही गांव के 26 लोगों पर मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही चल रही है।

## आपदा समीक्षा

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में जिले में किए जा रहे आपदा और विकास संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को कार्यों को समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी निर्धारित समय पर उपलब्ध कराने के आदेश दिए। जिला सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को आपदा प्रभावितों को दी जाने वाली अहेतुक राशि का समय से वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक गुप्ता को निर्देशित करते हुए जिले में नकली दवाईयों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने अपर जिलाधिकारी को उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर नियमित दवाई की दुकानों का निरीक्षण करने के भी आदेश दिए।

## केदारनाथ यात्रा

इस वर्ष केदारनाथ धाम की यात्रा शुरु होने से लेकर अब तक 15 लाख सात हजार से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। अब भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच रहे हैं। यात्री सुविधाओं को सुदृढ़ करने और सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद रखने के लिए पुलिस, प्रशासन और संबंधित विभागों की टीमें मुस्तैदी से तैनात हैं। रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन और बदरी–केदार मंदिर समिति द्वारा धाम में और पैदल मार्गों पर व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से पंजीकरण कर यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य, चिकित्सा, पेयजल, बिजली, संचार, आवास, भोजन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने बताया कि वर्षा ऋतु के बाद तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य सरकार व जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## वयोश्री योजना

वयोश्री योजना के तहत देहरादून जिला प्रशासन और जिला समाज कल्याण विभाग के सहयोग से देहरादून में शिविर का आयोजन कर वृद्धजनों का पंजीकरण किया जा रहा है, ताकि 17 सितंबर को जरूरतमंद वृद्धजनों को सहायक उपकरण दिए जा सके। इस संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित वयोश्री योजना के तहत सरकार के द्वारा बुजुर्गों को आगामी 17 सितंबर को देहरादून में सहायक उपकरण का वितरण किया जाएगा। इसके तहत चश्मे, छड़ी और व्हीलचेयर सहित सभी सहायक उपकरण मुहैया कराये जायेंगे।

## पुलिस परेड

हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने पुलिस लाइन रोशनाबाद में प्रातः कालीन परेड ली। इस दौरान जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, यातायात पुलिस और जवानों ने हिस्सा लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सलामी देने के बाद शुरू हुई परेड में जवानों ने असलाह के साथ परेड मैदान में दौड़ लगाई गई और ड्रिल का अभ्यास किया। परेड समाप्ति के बाद श्री डबराल ने अन्य अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन मैस सहित अन्य मदों का निरीक्षण करते हुए कमियां सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को विशेष तौर पर जवानों के लिए स्वादिष्ट और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्राधिकारी और प्रसार निरीक्षक, पुलिस लाइन को निर्देश दिए कि परेड में अधिक से अधिक कर्मचारियों को बुलाया जाए, जिससे सभी की नियमित फिटनेस बनी रहे।